
The
# ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIRS BOOSTER

20 – 07 – 22

WEDNESDAY



## 1. जगदीप धनखड़ होंगे NDA के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, भाजपा ने किया ऐलान



आगामी छह अगस्त को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (NDA) ने अपना उम्मीदवार तय कर लिया है. एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए जगदीप धनखड़ (Jagdeep Dhankhar) को उम्मीदवार बनाया है. पार्टी ने यह फैसला आज संसदीय बोर्ड की बैठक में लिया.
एनडीए की तरफ से उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनने से पहले जगदीप धनखड़ ने पीएम मोदी से मुलाकात की थी. वहीं इस मुलाकात से एक दिन पहले उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की थी. इस मुलाकात की तस्वीर में राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्री हंसते हुए दिखाई दे रहे थे.
मोदी (Narendra Modi), भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित संसदीय बोर्ड के अन्य सदस्य मौजूद थे. उपराष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए जगदीप धनखड़ के नाम का ऐलान करते हुए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं और उन्होंने देश सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी है.

## 2. वाराणसी एससीओ की पहली सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी बनेगा



सदियों से भारत की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले पवित्र शहर वाराणसी को शंघाई सहयोग संगठन की पहली "सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी" घोषित किया जाएगा। सदस्य राज्यों के बीच लोगों से लोगों के संपर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आठ सदस्यीय संगठन द्वारा एक नई घूर्णन पहल के तहत वाराणसी 2022-23 के लिए एससीओ की "सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी" बन जाएगा।
प्रत्येक वर्ष एक सदस्य देश की सांस्कृतिक विरासत का शहर जो संगठन की घूर्णन अध्यक्षता को संभालेगा, उसे इसकी प्रमुखता को उजागर करने के लिए उपाधि मिलेगी।
इस साल 15-16 सितंबर को उज्बेकिस्तान के समरकंद में होने वाले एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से पहले संगठन की नई पहल पर प्रकाश डाला।

नयी पहल समरकंद शिखर सम्मेलन के बाद लागू होगी, जिसके बाद भारत अध्यक्षता का पदभार संभालेगा और अगले राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

### 3. पीवी सिंधु ने जीता सिंगापुर ओपन फाइनल, साल 2022 में तीसरे खिताब पर किया कब्जा



पीवी सिंधु ने सिंगापुर ओपन सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट (Singapore Open 2022) का खिताब जीत लिया है. भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु (PV Sindhu) ने महिला सिंगल्स के फाइनल में चीन की वांग झी को हराया. उन्होंने यह मुकाबला 21-9, 11-21 और 21-15 से जीता. सिंधु ने इस साल यह पहला सुपर-500 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीता है. इससे पहले, सिंधु ने दो सुपर-300 टूर्नामेंट सैयद मोदी इंटरनेशनल और स्विस ओपन का खिताब जीता था. सिंधु ने सिंगापुर ओपन जीतकर कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड का दावा भी मजबूत कर लिया है.

पीवी सिंधु (PV Sindhu) को सिंगापुर ओपन के महिला सिंगल्स के फाइनल में चीन की वांग झी (Wang Zhi Yi) से कड़ी टक्कर मिली. चीन की खिलाड़ी ने पहले गम में शानदार शुरुआत की थी और लगातार 2 अंक हासिल किए थे. हालांकि, इसके बाद सिंधु ने नेट पर शानदार खेल दिखाते हुए जबरदस्त वापसी की और लगातार 13 अंक हासिल किए. फिर सिंधु ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और पहला गेम आसानी से 21-9 से जीत लिया.

दूसरे गेम में चीन की वांग झी ने जबरदस्त वापसी की और लगातार 6 अंक हासिल किए. हालांकि, इसके बाद सिंधु ने दो अंक लेकर इस अंतर को कम कर दिया. लेकिन, वांग झी ने नेट और क्रॉस कोर्ट पर दमदार खेल दिखाते हुए दोबारा बढ़त को 8 अंकों से ज्यादा कर लिया और फिर 21-11 से दूसरा गेम जीत लिया.

### 4. दुनिया के टॉप 10 की लिस्ट में शामिल हैं राजस्थान के ये दो शहर



अन्तर्राष्ट्रीय और पर्यटन जगत में प्रतिष्ठित मैगजीन ट्रेवल प्लस लेजर ने विश्व के बेस्ट शहरों की सूची जारी की है. इसमें विश्व के टॉप 10 बेस्ट शहरों की सूची में भारत के दो शहरों को शामिल किया गया है. इनमें राजस्थान के जयपुर को 8 वां और उदयपुर को 10 वां स्थान मिला है.

दुनिया के टॉप 10 बेस्ट शहर

दुनिया के टॉप 10 बेस्ट शहरों की सूची में जयपुर को 8 वां और उदयपुर को 10 वां स्थान मिला है. इस सूची में

प्रथम स्थान पर ओक्साका, मेक्सिको, दूसरे स्थान पर सैन मिगुएल डी ऑलेंडे, मेक्सिको, तीसरे स्थान पर उबुद इंडोनेशिया, चौथे स्थान पर फ्लोरेंस, इटली और पांचवें स्थान पर इस्तांबुल, तुर्की रहा है. इसी प्रकार छठे स्थान पर मैक्सिको सिटी, मैक्सिको, सातवें स्थान पर चियांग माई, थाईलैंड और नौवें स्थान पर ओसाका, जापान रहा है.

एशिया के टॉप 15 बेस्ट शहर में भी राजस्थान के दो शहर

ट्रेवल प्लस लेजर मैग्जीन की ओर से एशिया के टॉप 15 बेहतरीन शहरों की सूची भी जारी की गई है. टॉप शहरों की सूची में जयपुर को तीसरा और उदयपुर को 5 वां स्थान मिला है. इस सूची में टॉप शहर उबुद इंडोनेशिया, दूसरे स्थान पर चियांग, थाईलैंड और चौथे स्थान पर ओसाका, जापान रहा है. पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने कहा कि विश्व मानचित्र पर राजस्थान तेजी से उभर रहा है. प्रदेश के शहरों का वर्ल्ड की टॉप शहरों की सूची में शामिल होना प्रदेशवासियों और राजस्थान पर्यटन के लिए गर्व की बात है. उन्होंने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. राज्य सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग को दर्जा, नई पर्यटन नीति, राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति सहित कई नवाचार किए जा रहे है.

**5. केरल अपनी इंटरनेट सेवा वाला पहला राज्य बना**



केरल (Kerala) देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जिसके पास खुद की इंटरनेट (Internet) सेवा होगी. केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क लिमिटिड को दूरसंचार विभाग से इंटरनेट सेवा प्रदाता लाइसेंस मिल गया है. मुख्यमंत्री पी विजयन (CM Pinarayi Vijayan) ने गुरुवार को कहा कि केरल देश का ऐसा पहला और इकलौता राज्य है जिसके पास अपनी इंटरनेट सेवा है. केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क लिमिटिड राज्य में हर शख्स की इंटरनेट तक पहुंच सुनिश्चित करने की सरकार की महत्वाकांक्षी आईटी अवसंरचना योजना ह. सीएम पी विजयन ने कहा कि लाइसेंस मिलने के बाद समाज में डिजिटल विभाजन को पाटने के लिए परिकल्पित परियोजना अपना कामकाज शुरू कर सकती है. उन्होंने ट्विटर पर कहा कि केरल अपनी इंटरनेट सेवा वाला देश का एकमात्र राज्य बन गया है.

**6. केरल में आज से रामायण मासम शुरू**



तिरुवनंतपुरम, 17 जुलाई (भाषा) केरल में सदियों पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी शनिवार को 'रामायण माह' का आयोजन शुरू हुआ और लोगों ने मंदिरों और घरों में महाकाव्य के श्लोकों का जाप किया।

केरल में प्रचलित मलयालम पंचांग के अंतिम महीने 'कर्किडकम' को रामायण माह के रूप में मनाया जाता है। इसके बाद 'चिंगम' की शुरूआत होती है जिसमें मलयाली लोगों के सबसे प्रसिद्ध त्योहार 'ओणम' आता है।

परंपरा के अनुसार, घरों के बुजुर्ग अगले 30 दिनों तक अपने घरों में जलते हुए दीपों के सामने 'अध्यात्म रामायण' के श्लोकों का जाप करते हैं। इस दौरान मंदिरों और सांस्कृतिक संगठनों की ओर से रामायण के पाठ की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस बार कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण ऐसा नहीं हो रहा।

इस अवसर पर परंपरा के तहत चावल और औषधीय जड़ी बूटियों को मिलाकर एक विशेष मसालेदार व्यंजन 'कारकीदका कांजी' तैयार किया जाता है, जिसे लोगों को परोसा जाता है।

इस अवधि के दौरान हिंदू 'नालम्बलम दर्शनम' के तहत कोट्टयम और त्रिशूर जिलों में स्थित भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के चार मंदिरों की तीर्थयात्रा करते हैं।

कर्किडकम के दौरान त्रिशूर के वडक्कुमनाथन मंदिर में हाथियों के लिए आयुर्वेदिक परंपरा के अनुसार तैयार किया गया भोजन उन्हें परोसा गया। इस उत्सव को 'अनायुतु' कहते हैं। मंदिर के सूत्रों के मुताबिक कोविड-19 संबंधी पाबंदियों के कारण इस बार केवल 15 हाथियों को ही इस उत्सव में शामिल किया गया। आम तौर पर इसमें 70 हाथियों को शामिल किया जाता है।

## 7. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नौसेना को सौंपा स्वदेशी वॉरशिप 'दूनागिरी', समंदर में मजबूत हुई भारत की ताकत



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (Defence Minister Rajnath Singh) पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकता के दौरे पर आज यहां पहुंचे हैं. जहां उन्होंने भारतीय नौसेना (Indian Navy) के शिवालिक-क्लास फ्रीगेट (युद्धपोत) आईएनएस दूनागिरी (INS Dunagiri) को हुगली नदी में लॉन्च किया. उत्तराखंड (Uttarakhand) की एक चोटी के नाम पर रखे गए इस युद्धपोत का निर्माण कोलकता स्थित गार्डन रिच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स यानि जीआरएसई शिपयार्ड ने किया है.

आईएनएस दूनागिरी प्रोजेक्ट-17ए का चौथा युद्धपोत है जिसे आज लॉन्च किया गया. इस प्रोजेक्ट के तहत नौसेना के लिए कुल सात शिवालिक क्लास फ्रीगेट (युद्धपोत) बनाए जाने हैं. इनमें से चार मुंबई (Mumbai) स्थित मझगांव डॉकयार्ड में तैयार किए जा रहे हैं और बाकी तीन जीआरएसई में. मझगांव डॉकयार्ड (Mazagon Dockyard) पहले ही इस क्लास के दो युद्धपोत समंदर में लॉन्च कर चुका है. पिछले महीने ही इस क्लास का तीसरा युद्धपोत, उदयगिरी लॉन्च किया गया था. जीआरएसई का ये दूसरा युद्धपोत है. ये सभी सातों युद्धपोत देश की अलग-अलग पर्वत-श्रृंखला के नाम पर रखे गए हैं.

बाकी शिवालिक क्लास युद्धपोत की तरह ही दूनागिरी भी रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की एक अहम पहचान है. इस युद्धपोत में 75 प्रतिशत हथियार, उपकरण और सिस्टम स्वदेशी हैं. इन सभी युद्धपोतों का डिजाइन नौसेना के डायरेक्टरेट ऑफ नेवल डिजाइन ने तैयार किया है.

INS दूनागिरी की ये है खासियत

दूनागिरी सहित प्रोजेक्ट 17ए के सभी फ्रीगेट शिवालिक क्लास (प्रोजेक्ट-17) के युद्धपोतों का फॉलो-ऑन हैं और सभी में पहले वालों से बेहतर स्टेल्थ फीचर्स, एडवांस वैपन, सेंसर्स और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम हैं.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज जिस दूनागिरी युद्धपोत लॉन्च किया है, ये नौसेना के ही पुराने दूनागिरी एएसडब्लू फ्रीगेट का अवतार है. पुराना फ्रीगेट 33 साल की सेवाएं पूरा करने के बाद वर्ष 2010 में रिटायर हो गया था. उसी के नाम पर नए फ्रीगेट का नाम रखा गया है. दरअसल, भारतीय नौसेना की ये परंपरा है कि रिटायर (डि-कमीशन) युद्धपोत के नाम पर ही नए जंगी जहाज का नाम रखा जाता है.

## 8. दिल्ली में “आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन” का उद्घाटन



रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी ने आज दिल्ली में आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन का उद्घाटन किया। स्वतंत्रता संग्राम के समय के 75 स्टेशनों और 27 रेलगाड़ियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय रेलवे ने सप्ताहभर चलने वाले समारोह का आयोजन किया है। यह आयोजन 23 जुलाई तक चलेगा।

इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में आजादी की रेलगाड़ी और स्टेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जन भागीदारी और जन आंदोलन के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि अतीत के स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों और गौरव तथा

भविष्य के युवा भारत की महत्वाकांक्षाओं को इसमें दिखाया जायेगा।

75 रेलवे स्टेशनों और 27 रेलगाड़ियों को चिन्हित किया गया है। इस दौरान 24 राज्यों के इन 75 स्टेशनों पर क्षेत्रीय भाषा में नुक्कड़ नाटक, लाईट एण्ड सांउड शो, देशभक्ति गीत और वीडियो फिल्में दिखाई जायेंगी।

## ONE LINER

- भारत में इंटरनेट क्रांति का जनक जिसे माना जाता है, जिनका हाल ही में निधन हो गया- ब्रिजयेंद्र कुमार सिंगल
- जिस आईटी कंपनी ने 110 मिलियन यूरो में डेनमार्क स्थित बेस लाइफ साइंस का अधिग्रहण करेगी- Infosys
- भारत में बांग्लादेश का अगला उच्चायुक्त जिसे नियुक्त किया गया है- मुस्तफिजुर रहमान
- विश्व पेपर बैग दिवस (World Paper Bag Day) जिस दिन मनाया जाता है-12 जुलाई
- पंजाब की पटियाला कोर्ट ने मानव तस्करी केस में दलेर मेहंदी की जितने साल की सजा को बरकरार रखा है-2 साल
- आईसीसी ने बांग्लादेशी तेज़ गेंदबाज़ शोहिदुल इस्लाम को डोपिंग उल्लंघन करने पर जितने महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया है-10 महीने
- विश्व आर्थिक फोरम ने हाल ही में अपनी "जेंडर गैप रिपोर्ट 2022" जारी की. इस रिपोर्ट में भारत जितने स्थान पर है-135वें

## QUIZ

1.निम्न में से किस राज्य में देश का पहला मंकीपॉक्स मामला पाया गया है?

A.केरल B.गुजरात

C.महाराष्ट्र D.पंजाब

2.भारतीय क्रिकेट टीम के किस पूर्व कप्तान को ब्रिटिश संसद द्वारा सम्मानित किया गया है?

A.एम एस धोनी B.सचिन तेंदुलकर

C.कपिल देव D.सौरव गांगुली

3.वेदांत ने किस आईआईटी संस्थान में स्थापित स्टार्टअप डिटेक्ट टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है?

A.आईआईटी दिल्ली B.आईआईटी कानपूर

C.आईआईटी खडगपुर D.आईआईटी मद्रास

4.भारती एयरटेल ने हाल ही में किस कंपनी को 1 बिलियन अमरीकी डालर में 1.2% इक्विटी शेयर आवंटित किए है?

A.मेटा B.माइक्रोसॉफ्ट

C.गूगल D.ट्विटर

5.भारत के किस शहर को शंघाई सहयोग संगठन की पहली "सांस्कृतिक और पर्यटन राजधानी" घोषित किया जायेगा?

A .वाराणसी B.चेन्नई

C.मुंबई D.पुणे

**6.निम्न में से किस खिलाडी ने हाल ही में अपने करियर का पहला सुपर 500 खिताब जीता है?**

A.साईना नेहवाल B.साइना मिर्ज़ा

C.पीवी सिंधु D.दुती चन्द्र

**7.इनमे से किसने हाल ही में आरईसी लिमिटेड के निदेशक के रूप में कार्यभार संभाला है?**

A.संदीप सिंह B.संजय मेहता

C.अजय सिंह D.वीके सिंह

The ACHIEVERS IAS ACADEMY